प्रकाश जावडेकर
Prakash Javadekar

सत्यमेव जयते

मंत्री
मानव संसाधन विकास
भारत सरकार
MINISTER
HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT
GOVERNMENT OF INDIA

संदेश

प्रिय साथियों,

हिंदी दिवस के शुभ अवसर पर आप सबको मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

14 सितम्बर का दिन 'हिंदी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1949 में इसी दिन हिंदी को 'संघ की राजभाषा' का दर्जा दिया गया था।

हिंदी एक सरल, समृद्ध और सशक्त भाषा है। हिंदी समूचे भारत में बोली और समझी जाने वाली वह भाषा है जो पूरे राष्ट्र को एक कड़ी में जोड़ने का कार्य कर रही है। आज गांव-गांव, शहर-शहर में हिंदी बोली व समझी जाती है।

भारत के विकास और प्रगति में हिंदी भाषा का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम हिंदी को ज्ञान-विज्ञान, अर्थव्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी आदि सभी क्षेत्रों से जोड़कर इन क्षेत्रों के लाभ जन-जन तक पहुंचाएं। आवश्यकता इस बात की भी है कि, हिंदी को सार्वजनिक क्षेत्रों सहित निजी क्षेत्रों में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। छोटे-छोटे प्रयास के तौर पर रोजमर्रा के सरकारी कामकाज को मूलरूप से हिंदी में करना होगा ताकि अनुवाद पर कम से कम निर्भर रहा जाए। इसके लिए हमें राजभाषा हिंदी के प्रयोग के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाना होगा।

मुझे आशा ही नहीं, अपितु पूर्ण विश्वास है कि हम नई तकनीकों का हिंदी माध्यम से प्रचार-प्रसार करके हिंदी को विश्वभाषा का गौरव प्रदान कराने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकते हैं।

'हिंदी दिवस' के इस अवसर पर, आइए, हम सब मिलकर यह दृढ़ संकल्प लें कि हम राजभाषा नीति संबंधी अपेक्षाओं को पूरा करते हुए अपना सरकारी कामकाज अधिक से अधिक हिंदी में करेंगे।

जय हिंद!

नई दिल्ली
14 सितम्बर, 2017

(प्रकाश जावडेकर)